# नामांकन और अधिगम रिपोर्ट कार्ड
## ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट 2014 से

Annual Status of Education Report
असर ASER 2014 RURAL
Facilitated by PRATHAM

# भारत ग्रामीण

विश्लेषण घरों से प्राप्त आँकड़ों पर आधारित हैं। 585 में से 577 ज़िले।


## विद्यालय में नामांकित और विद्यालय नहीं जा रहे बच्चे

**टेबल 1: विभिन्न प्रकार के विद्यालयों में % बच्चे 2014**

| आयुवर्ग | सरकारी | निजी | अन्य | विद्यालय नहीं जा रहे | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| आयुवर्ग: 6-14 सभी | 64.9 | 30.8 | 1.0 | 3.3 | 100 |
| आयुवर्ग: 7-16 सभी | 63.0 | 30.5 | 1.0 | 5.6 | 100 |
| आयुवर्ग: 7-10 सभी | 65.1 | 31.8 | 1.1 | 2.0 | 100 |
| आयुवर्ग: 7-10 लड़के | 61.5 | 35.6 | 1.1 | 1.8 | 100 |
| आयुवर्ग: 7-10 लड़कियाँ | 68.9 | 27.7 | 1.2 | 2.2 | 100 |
| आयुवर्ग: 11-14 सभी | 64.4 | 29.8 | 0.9 | 5.0 | 100 |
| आयुवर्ग: 11-14 लड़के | 61.3 | 33.5 | 0.8 | 4.4 | 100 |
| आयुवर्ग: 11-14 लड़कियाँ | 67.5 | 25.9 | 1.0 | 5.7 | 100 |
| आयुवर्ग: 15-16 सभी | 53.8 | 28.9 | 0.7 | 16.6 | 100 |
| आयुवर्ग: 15-16 लड़के | 52.9 | 30.7 | 0.5 | 15.9 | 100 |
| आयुवर्ग: 15-16 लड़कियाँ | 54.6 | 27.2 | 0.9 | 17.3 | 100 |


नोटः 'अन्य' में मदरसों और EGS में पढ़ रहे बच्चे शामिल हैं।
'विद्यालय नहीं जा रहे' = ड्रॉप आउट + कभी नामांकन नहीं हुआ

**चार्ट 1: समय के साथ बदलाव**
**% बच्चे जो विद्यालय नहीं जा रहे (आयुवर्ग और लिंग के अनुसार) 2006-2014**




प्रत्येक रेखा बच्चों के एक विशिष्ट उप समूह के लिए विद्यालय नहीं जा रहे बच्चों के % में आए बदलाव को दर्शाती है। उदाहरण के लिए, आयुवर्ग 11-14 की कुल लड़कियों में उन लड़कियों का % जो विद्यालय नहीं जा रहीं 2006 में 10.3% था, 2009 में 6.8% था, 2011 में 5.2% था और 2014 में 5.7% है।

**चार्ट 2: समय के साथ बदलाव**
**कक्षा I-V और कक्षा VI-VIII के उन बच्चों का % जो निजी विद्यालयों में नामांकित हैं 2008, 2010, 2012 और 2014**




**टेबल 2: सैम्पल विवरण**
**प्रत्येक कक्षा के लिए आयु के अनुसार बच्चों का % 2014**

<table>
<tr><th>कक्षा</th><th>5</th><th>6</th><th>7</th><th>8</th><th>9</th><th>10</th><th>11</th><th>12</th><th>13</th><th>14</th><th>15</th><th>16</th><th>कुल</th></tr>
<tr><td>I</td><td>23.2</td><td>41.8</td><td>21.5</td><td>8.1</td><td colspan="8">5.4</td><td>100</td></tr>
<tr><td>II</td><td>3.8</td><td>14.4</td><td>39.6</td><td>27.7</td><td>6.6</td><td>5.0</td><td colspan="6">2.9</td><td>100</td></tr>
<tr><td>III</td><td colspan="2">3.8</td><td>14.0</td><td>40.8</td><td>23.9</td><td>11.0</td><td colspan="6">6.6</td><td>100</td></tr>
<tr><td>IV</td><td colspan="3">4.7</td><td>15.2</td><td>34.2</td><td>31.4</td><td>7.0</td><td colspan="5">7.5</td><td>100</td></tr>
<tr><td>V</td><td colspan="4">5.8</td><td>10.0</td><td>42.6</td><td>24.0</td><td>11.6</td><td colspan="4">6.0</td><td>100</td></tr>
<tr><td>VI</td><td colspan="5">4.2</td><td>14.2</td><td>34.4</td><td>33.1</td><td>8.5</td><td colspan="3">5.7</td><td>100</td></tr>
<tr><td>VII</td><td colspan="6">5.5</td><td>10.3</td><td>41.9</td><td>27.2</td><td>10.5</td><td colspan="2">4.6</td><td>100</td></tr>
<tr><td>VIII</td><td colspan="7">4.4</td><td>15.1</td><td>39.3</td><td>30.5</td><td>7.9</td><td>2.9</td><td>100</td></tr>
</table>

यह टेबल कैसे पढ़ें: यदि कोई बच्चा 6 वर्ष की आयु से कक्षा। में स्कूली शिक्षा प्रारंभ करता है तो उसकी आयु कक्षा III में 8 वर्ष होनी चाहिए। यह टेबल हर कक्षा के लिए आयु वितरण दर्शाता है। उदाहरण के लिए, कक्षा III में, 40.8% बच्चे 8 वर्ष के हैं परन्तु 14% बच्चे ऐसे हैं जो 7 वर्ष के हैं, 23.9% बच्चे ऐसे हैं जो 9 वर्ष के हैं, 11% बच्चे ऐसे हैं जो 10 वर्ष के हैं और 6.6% बच्चे ऐसे हैं जिनकी आयु 10 वर्ष से अधिक है।

## विद्यालय एवं पूर्व प्राथमिक विद्यालय में छोटे बच्चे

**टेबल 3: 3-6 आयुवर्ग के बच्चों का % जो विभिन्न प्रकार के विद्यालयों और पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित हैं 2014**

<table>
<tr><th rowspan="2"></th><th rowspan="2">बालवाड़ी या आँगनवाड़ी में</th><th rowspan="2">एल.के.जी./यू.के.जी. में</th><th colspan="3">विद्यालय में</th><th rowspan="2">विद्यालय या पूर्व प्राथमिक विद्यालय में नहीं</th><th rowspan="2">कुल</th></tr>
<tr><th>सरकारी</th><th>निजी</th><th>अन्य</th></tr>
<tr><td>आयु 3</td><td>54.0</td><td>9.0</td><td></td><td></td><td></td><td>37.1</td><td>100</td></tr>
<tr><td>आयु 4</td><td>52.8</td><td>23.8</td><td></td><td></td><td></td><td>23.4</td><td>100</td></tr>
<tr><td>आयु 5</td><td>21.6</td><td>17.1</td><td>31.9</td><td>18.6</td><td>1.0</td><td>9.7</td><td>100</td></tr>
<tr><td>आयु 6</td><td>5.6</td><td>9.3</td><td>54.3</td><td>25.0</td><td>1.1</td><td>4.7</td><td>100</td></tr>
</table>

नोटः 3 और 4 वर्ष के बच्चों के लिए केवल पूर्व प्राथमिक विद्यालय में नामांकन स्थिति की जानकारी दर्ज की जाती है।

### असर के बारे में

2005 से हर वर्ष, प्रथम भारत में एक अनोखा प्रयास सुगमित कर रहा है: ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट (असर) कार्यान्वित करने का।

यह विशाल वार्षिक घरेलू सर्वेक्षण नागरिकों द्वारा किया जाता है और देश के लगभग सभी ग्रामीण ज़िलों में बच्चों के एक निरूपक सैम्पल तक पहुँचता है। सरल जाँच सामग्री का प्रयोग करते हुए, बच्चों से बुनियादी पढ़ने और गणित के कार्य करने के लिए कहा जाता है। उनसे यह भी पूछा जाता है कि क्या वे विद्यालय में नामांकित हैं। हर ज़िले में असर एक स्थानीय संगठन या संस्थान द्वारा किया जाता है।

असर 2014 577 ज़िलों, 16,497 गाँवों, 341,070 घरों और 569,229 बच्चों तक पहुँचा। 500 से अधिक स्थानीय संगठनों और 25,000 स्वयंसेवकों ने इस प्रयास में भाग लिया।

Annual Status of Education Report
असर ASER 2014 RURAL
Facilitated by PRATHAM

# भारत ग्रामीण


## पढ़ना

**टेबल 4: प्रत्येक कक्षा के लिए पढ़ने के स्तर के अनुसार बच्चों का %**
**सभी विद्यालय 2014**


| कक्षा | अक्षर भी नहीं | अक्षर | शब्द | स्तर 1 (कक्षा I स्तर का पाठ) | स्तर 2 (कक्षा II स्तर का पाठ) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | 48.6 | 30.2 | 12.1 | 4.5 | 4.5 | 100 |
| II | 25.7 | 31.6 | 19.6 | 11.0 | 12.2 | 100 |
| III | 14.9 | 25.0 | 20.0 | 16.6 | 23.6 | 100 |
| IV | 8.4 | 17.5 | 17.9 | 18.9 | 37.4 | 100 |
| V | 5.7 | 12.8 | 14.3 | 19.1 | 48.1 | 100 |
| VI | 3.5 | 9.0 | 10.9 | 17.8 | 58.8 | 100 |
| VII | 2.6 | 6.2 | 8.1 | 15.4 | 67.7 | 100 |
| VIII | 1.8 | 4.5 | 6.2 | 12.8 | 74.6 | 100 |
| कुल | 15.1 | 17.9 | 13.9 | 14.3 | 38.9 | 100 |

यह टेबल कैसे पढ़ें: प्रत्येक कोष्ठक बच्चे के पढ़ने के उच्चतम स्तर को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, कक्षा III में 14.9% बच्चे अक्षर भी नहीं पढ़ सकते, 25% बच्चे अक्षर पढ़ सकते हैं परन्तु उससे अधिक नहीं, 20% बच्चे शब्द पढ़ सकते हैं परन्तु कक्षा I के स्तर का पाठ या उससे अधिक नहीं, 16.6% बच्चे कक्षा I के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं परन्तु कक्षा II के स्तर का पाठ नहीं और 23.6% बच्चे कक्षा II के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के लिए इन सभी श्रेणियों का योग 100% है।

**पढ़ने की जाँच सामग्री**




**चार्ट 3: समय के साथ बदलाव**
**कक्षा के अनुसार उन बच्चों का % जो कक्षा II के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं**
**सभी विद्यालय 2010, 2012 और 2014**




बाईं तरफ दिए गए चार्ट (चार्ट 3) को समझने के लिए कई बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए:

पहला, असर में सभी बच्चों की जाँच एक ही जाँच सामग्री से की जाती है। असर की पढ़ने की जाँच सामग्री में सबसे उच्चतम स्तर कक्षा II के स्तर के पाठ को पढ़ने की क्षमता है। असर की जाँच एक "बुनियादी" जाँच है। असर में ग्रेड–स्तर की जाँच सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाता है। सबसे उच्चतम स्तर पर असर हमें यह बताता है कि क्या बच्चा कम से कम कक्षा II के स्तर के पाठ को पढ़ सकता है या नहीं।

इस जाँच सामग्री के आधार पर हम देख सकते हैं कि बढ़ती कक्षाओं के साथ ऐसे बच्चों का अनुपात बढ़ता है जो कक्षा II के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं। कक्षा VIII तक, जब बच्चे आठ वर्ष का स्कूली शिक्षण पूरा कर लेते हैं, बच्चों का एक बड़ा अनुपात कम से कम कक्षा II के स्तर का पाठ पढ़ सकता है। प्रत्येक वर्ष (जिसके लिए आँकड़े दिए गए हैं) के लिए यह बात सच है। यह संभव है कि कुछ बच्चे उच्चतर स्तर के पाठ पढ़ सकते हों परन्तु असर के पढ़ने की जाँच में कक्षा II के स्तर से उच्चतर स्तरों के लिए मूल्यांकन नहीं किया जाता।

हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह भी है कि एक दी गई कक्षा के बच्चे लगातार कैसा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए यह चार्ट वर्ष 2010, 2012 और 2014 में कक्षा V में पढ़ रहे ऐसे बच्चों के अनुपात की तुलना करने में सहायक है जो कि कक्षा II के स्तर के पाठ को पढ़ सकते हैं।

## अंग्रेज़ी पढ़ना और समझना

**टेबल 5: प्रत्येक कक्षा के लिए अंग्रेज़ी पढ़ने के स्तर के अनुसार बच्चों का % सभी विद्यालय 2014**

| कक्षा | बड़े (capital) अक्षर भी नहीं | बड़े (capital) अक्षर | छोटे (small) अक्षर | सरल शब्द | सरल वाक्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | 56.5 | 15.5 | 14.8 | 10.2 | 3.0 | 100 |
| II | 38.3 | 19.4 | 20.8 | 13.8 | 7.7 | 100 |
| III | 26.9 | 19.1 | 24.6 | 17.9 | 11.5 | 100 |
| IV | 18.1 | 16.4 | 25.5 | 22.4 | 17.6 | 100 |
| V | 13.3 | 13.7 | 23.9 | 25.2 | 24.0 | 100 |
| VI | 8.7 | 10.4 | 23.3 | 26.3 | 31.4 | 100 |
| VII | 6.5 | 8.4 | 20.2 | 26.2 | 38.8 | 100 |
| VIII | 4.7 | 6.5 | 17.7 | 24.4 | 46.8 | 100 |
| कुल | 23.0 | 13.9 | 21.3 | 20.4 | 21.4 | 100 |

यह टेबल कैसे पढ़ें: प्रत्येक कोष्ठक बच्चे के अंग्रेज़ी पढ़ने के उच्चतम स्तर को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, कक्षा III में 26.9% बच्चे बड़े अक्षर भी नहीं पढ़ सकते, 19.1% बच्चे बड़े अक्षर पढ़ सकते हैं परन्तु उससे अधिक नहीं, 24.6% बच्चे छोटे अक्षर पढ़ सकते हैं परन्तु शब्द या उससे अधिक नहीं, 17.9% बच्चे शब्द पढ़ सकते हैं परन्तु वाक्य नहीं और 11.5% बच्चे वाक्य पढ़ सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के लिए इन सभी श्रेणियों का योग 100% है।

**टेबल 6 प्रत्येक कक्षा के लिए अंग्रेज़ी समझ पाने वाले बच्चों का % सभी विद्यालय 2014**

| कक्षा | उनमें जो शब्द पढ़ पाते हैं, % बच्चे जो शब्दों का अर्थ बता पाते हैं | उनमें जो वाक्य पढ़ पाते हैं, % बच्चे जो वाक्यों का अर्थ बता पाते हैं |
|---|---|---|
| I | 62.1 | 43.1 |
| II | 59.4 | 46.9 |
| III | 60.1 | 57.3 |
| IV | 60.9 | 59.5 |
| V | 60.9 | 62.2 |
| VI | 60.5 | 64.8 |
| VII | 60.7 | 66.3 |
| VIII | 59.4 | 68.2 |
| कुल | 60.5 | 63.2 |

**अंग्रेज़ी पढ़ने की जाँच सामग्री**




# गणित

**टेबल 7: प्रत्येक कक्षा के लिए गणित के स्तर के अनुसार बच्चों का %**
**सभी विद्यालय 2014**


| कक्षा | 9 तक अंक पहचान नहीं | संख्या पहचानते हैं 1-9 | संख्या पहचानते हैं 10-99 | घटाव कर सकते हैं | भाग कर सकते हैं | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | 42.4 | 33.9 | 19.3 | 3.4 | 1.1 | 100 |
| II | 19.5 | 36.5 | 31.2 | 9.9 | 2.8 | 100 |
| III | 10.0 | 29.4 | 35.3 | 18.0 | 7.4 | 100 |
| IV | 5.3 | 21.2 | 33.3 | 24.1 | 16.1 | 100 |
| V | 3.9 | 15.4 | 30.1 | 24.5 | 26.1 | 100 |
| VI | 2.3 | 10.5 | 29.2 | 25.8 | 32.2 | 100 |
| VII | 1.7 | 7.5 | 28.5 | 24.4 | 37.8 | 100 |
| VIII | 1.3 | 5.4 | 26.1 | 23.2 | 44.1 | 100 |
| कुल | 11.8 | 20.8 | 29.0 | 18.6 | 19.8 | 100 |

यह टेबल कैसे पढ़ें: प्रत्येक कोष्ठक बच्चे के गणित करने के उच्चतम स्तर को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, कक्षा III में 10% बच्चे 9 तक अंक भी नहीं पहचान सकते, 29.4% बच्चे 9 तक अंक पहचान सकते हैं परन्तु उससे अधिक नहीं, 35.3% बच्चे 99 तक संख्या पहचान सकते हैं परन्तु घटाव नहीं कर सकते, 18% बच्चे घटाव कर सकते हैं परन्तु भाग नहीं और 7.4% बच्चे भाग का प्रश्न हल कर सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के लिए इन सभी श्रेणियों का योग 100% है।

**गणित की जाँच सामग्री**




**चार्ट 4: समय के साथ बदलाव**
**कक्षा के अनुसार उन बच्चों का % जो भाग कर सकते हैं**
**सभी विद्यालय 2010, 2012 और 2014**




बाईं तरफ दिए गए चार्ट (चार्ट 4) को समझने के लिए कई बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए:
पहला, असर में सभी बच्चों की जाँच एक ही जाँच सामग्री से की जाती है। असर की गणित की जाँच में सबसे उच्चतम स्तर भाग के प्रश्न (तीन अंको की संख्या का एक अंक से भाग) को हल करने की क्षमता है। भारत के अधिकांश राज्यों में, कक्षा III या IV में बच्चों से ऐसे प्रश्नों को हल करने की अपेक्षा की जाती है। असर की जाँच एक ''बुनियादी'' जाँच है। असर में ग्रेड–स्तर की जाँच सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाता है। सबसे उच्चतम स्तर पर असर हमें यह बताता है कि क्या बच्चा कम से कम इस तरह के भाग के प्रश्न को हल कर सकता है या नहीं।
इस जाँच सामग्री के आधार पर हम देख सकते हैं कि बढ़ती कक्षाओं के साथ ऐसे बच्चों का अनुपात बढ़ता है जो इस स्तर के भाग का प्रश्न हल कर सकते हैं। कक्षा VIII तक, जब बच्चे आठ वर्ष का स्कूली शिक्षण पूरा कर लेते हैं, बच्चों का एक बड़ा अनुपात इस स्तर के भाग के प्रश्न को हल कर सकता है। प्रत्येक वर्ष (जिसके लिए आँकड़े दिए गए हैं) के लिए यह बात सच है। यह संभव है कि कुछ बच्चे उच्चतर स्तर की संक्रियाओं को हल कर सकते हों परन्तु असर की गणित की जाँच में इस स्तर के भाग के प्रश्न से उच्चतर स्तरों के प्रश्नों के लिए मूल्यांकन नहीं किया जाता।
हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह भी है कि एक दी गई कक्षा के बच्चे लगातार कैसा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए यह चार्ट वर्ष 2010, 2012 और 2014 में कक्षा V में पढ़ रहे ऐसे बच्चों के अनुपात की तुलना करने में सहायक है जो कि इस स्तर के भाग के प्रश्न को हल कर सकते हैं।

# विद्यालय का प्रकार और शुल्क देकर प्राप्त की गई अतिरिक्त ट्यूशन

असर सर्वेक्षण में शुल्क देकर प्राप्त की गई अतिरिक्त ट्यूशन से सम्बंधित जानकारी यह प्रश्न पूछ कर दर्ज की जाती है: ''क्या बच्चा पैसे देकर ट्यूशन पढ़ने जाता है?'' इसलिए, इन आँकड़ों में ऐसी अधिगम सहायता सम्मिलित नहीं है जो बिना शुल्क दिए प्राप्त हुई हो।

**टेबल 8: समय के साथ बदलाव**
**विद्यालय के प्रकार और ट्यूशन लेने/नहीं लेने की स्थिति के अनुसार कक्षा I-V और कक्षा VI-VIII के बच्चों का % 2011-2014**

| कक्षा | श्रेणी | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 |
|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा I-V | सरकारी, ट्यूशन नहीं | 58.0 | 55.8 | 54.9 | 52.2 |
| | सरकारी + ट्यूशन | 15.6 | 15.3 | 15.7 | 15.7 |
| | निजी, ट्यूशन नहीं | 20.6 | 22.4 | 22.5 | 24.0 |
| | निजी + ट्यूशन | 5.7 | 6.5 | 6.9 | 8.1 |
| | कुल | 100 | 100 | 100 | 100 |
| कक्षा VI-VIII | सरकारी, ट्यूशन नहीं | 53.8 | 53.1 | 52.1 | 50.7 |
| | सरकारी + ट्यूशन | 20.1 | 19.3 | 20.1 | 20.2 |
| | निजी, ट्यूशन नहीं | 20.3 | 21.6 | 21.8 | 22.6 |
| | निजी + ट्यूशन | 5.8 | 6.0 | 6.0 | 6.4 |
| | कुल | 100 | 100 | 100 | 100 |

**टेबल 9: ट्यूशन पर प्रति माह खर्च विद्यालय प्रकार के अनुसार 2014**

| कक्षा | विद्यालय का प्रकार | ट्यूशन पर खर्च की विभिन्न श्रेणियों में % बच्चे | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रु 100 या उससे कम | रु 101-200 | रु 201-300 | रु 301 या उससे अधिक | कुल |
| कक्षा I-V | सरकारी | 61.9 | 28.5 | 5.9 | 3.7 | 100 |
| कक्षा I-V | निजी | 33.6 | 35.5 | 15.5 | 15.4 | 100 |
| कक्षा VI-VIII | सरकारी | 37.4 | 42.6 | 11.1 | 9.0 | 100 |
| कक्षा VI-VIII | निजी | 21.8 | 36.1 | 19.8 | 22.3 | 100 |

Annual Status of Education Report
असर ASER 2014 RURAL
Facilitated by PRATHAM

# भारत ग्रामीण

## राज्यों का प्रदर्शन

**टेबल 10: निजी विद्यालयों में नामांकन और शिक्षण स्तर 2014**

| राज्य | निजी विद्यालय | कक्षा V शिक्षण स्तर: सभी बच्चे | | | | कक्षा VII शिक्षण स्तर: सभी बच्चे | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | % बच्चे (आयु 6-14) जो निजी विद्यालयों में नामांकित हैं | % बच्चे जो कक्षा II के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं | % बच्चे जो घटाव या उससे अधिक कर सकते हैं | % बच्चे जो अंग्रेज़ी के सरल वाक्य पढ़ सकते हैं | उनमें जो अंग्रेज़ी के वाक्य पढ़ पाते हैं, % बच्चे जो वाक्यों का अर्थ बता पाते हैं | % बच्चे जो भाग कर सकते हैं | % बच्चे जो अंग्रेज़ी के सरल वाक्य पढ़ सकते हैं | उनमें जो अंग्रेज़ी के वाक्य पढ़ पाते हैं, % बच्चे जो वाक्यों का अर्थ बता पाते हैं |
| आन्ध्र प्रदेश+तेलंगाना | 36.7 | 56.3 | 71.5 | 45.2 | 67.6 | 48.4 | 63.9 | 75.8 |
| अरुणाचल प्रदेश | 24.5 | 44.4 | 74.8 | 52.3 | 76.7 | 39.1 | 67.9 | 74.6 |
| असम | 17.3 | 33.5 | 38.9 | 17.8 | 53.4 | 20.6 | 34.7 | 61.8 |
| बिहार | 12.0 | 48.1 | 53.2 | 18.7 | 54.5 | 52.7 | 33.9 | 53.2 |
| छत्तीसगढ़ | 17.8 | 52.4 | 39.3 | 10.7 | 58.6 | 22.6 | 21.5 | 60.1 |
| गुजरात | 13.3 | 46.6 | 41.7 | 9.8 | 54.8 | 27.9 | 26.7 | 69.8 |
| हरियाणा | 54.2 | 68.1 | 74.8 | 50.4 | 67.5 | 60.6 | 63.1 | 74.6 |
| हिमाचल प्रदेश | 35.2 | 75.2 | 76.1 | 53.4 | 55.9 | 55.5 | 68.6 | 70.4 |
| जम्मू और कश्मीर | 48.1 | 38.7 | 62.9 | 52.2 | 61.6 | 32.3 | 71.0 | 65.6 |
| झारखंड | 18.0 | 34.4 | 44.0 | 14.6 | 60.1 | 39.1 | 30.9 | 54.8 |
| कर्नाटक | 25.5 | 47.2 | 53.7 | 21.2 | 78.7 | 29.0 | 39.3 | 73.5 |
| केरल | 62.2 | 66.8 | 71.3 | 68.5 | 81.1 | 52.7 | 80.0 | 87.1 |
| मध्य प्रदेश | 21.4 | 34.1 | 31.0 | 9.6 | 54.5 | 24.1 | 18.3 | 43.9 |
| महाराष्ट्र | 36.9 | 53.5 | 41.0 | 21.5 | 54.8 | 28.3 | 38.9 | 63.3 |
| मणिपुर | 73.3 | 66.6 | 85.3 | 79.4 | 74.1 | 67.0 | 92.8 | 80.1 |
| मेघालय | 51.7 | 58.3 | 60.9 | 59.6 | 64.7 | 29.2 | 78.5 | 78.2 |
| मिज़ोरम | 40.0 | 52.1 | 87.4 | 52.5 | 59.9 | 77.7 | 79.9 | 76.1 |
| नागालैंड | 38.9 | 41.6 | 80.4 | 62.6 | 74.6 | 50.6 | 85.7 | 86.8 |
| उड़ीशा | 8.5 | 51.9 | 47.3 | 22.9 | 55.3 | 36.2 | 39.7 | 61.7 |
| पंजाब | 49.5 | 66.5 | 69.1 | 50.8 | 65.9 | 54.5 | 66.7 | 77.4 |
| राजस्थान | 42.1 | 46.7 | 45.9 | 15.2 | 50.7 | 42.3 | 32.6 | 56.1 |
| सिक्किम | 31.3 | 43.4 | 78.2 | 64.4 | 81.8 | 55.2 | 87.3 | 92.9 |
| तमिल नाडू | 31.9 | 46.9 | 63.2 | 33.1 | 72.3 | 38.0 | 48.7 | 77.5 |
| त्रिपुरा | 9.1 | 45.5 | 58.2 | 26.6 | 77.7 | 38.4 | 58.7 | 67.0 |
| उत्तराखंड | 37.5 | 60.6 | 54.4 | 32.0 | 69.3 | 40.3 | 44.1 | 71.7 |
| उत्तर प्रदेश | 51.7 | 44.7 | 46.7 | 21.1 | 53.5 | 37.0 | 34.1 | 59.7 |
| पश्चिम बंगाल | 8.8 | 53.2 | 56.1 | 24.2 | 68.6 | 33.6 | 32.2 | 71.9 |
| **संपूर्ण भारत** | **30.8** | **48.1** | **50.5** | **24.0** | **62.2** | **37.8** | **38.8** | **66.3** |

2005 से अब तक की असर रिपोर्ट www.asercentre.org पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए contact@asercentre.org पर ई–मेल करें, 011-2671 6084 पर कॉल करें या इस पते पर लिखें: असर सेन्टर , बी 4/54 सफदरजंग इन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 ।